# MP Board Class 12 History Question Paper 2024

Serial Number
↓

32335840H

Roll No. ____________

A

**I-0224**

हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा वर्ष - 2024

Higher Secondary Examination (Main) – 2024

इतिहास

HISTORY

(Hindi & English Version)

| Total Questions : 23 | Total Printed Pages : 12 | Time 3 Hours | Maximum Marks : 80 |
|---|---|---|---|

**निर्देश –**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल 23 प्रश्न है सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए है। इन प्रश्नों में से प्रत्येक प्रश्न का एक ही उत्तर लिखिए।

(iii) प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। कुल निर्धारित अंक 1 X 30=30

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। (शब्द सीमा लगभग 30 शब्द)

(v) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। (शब्द सीमा लगभग 75 शब्द)

(vi) प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। (शब्द सीमा लगभग 120 शब्द)

प्रश्न.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए [1×6=6]

(1). बंगाल में भू-राजस्व सम्बन्धी 'स्थायी बन्दोबस्त' (इस्तमरारी बन्दोबस्त) कब लागू किया गया था ?

(अ) 1757 ई., (ब) 1777 ई.

(स) 1793 ई., (द) 1857 ई.

(2). 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण क्या था ?

(अ) अंग्रेजों की धार्मिक नीति, (ब) डलहौजी की राज्य हड़प नीति,

(स) चर्बी वाले कारतूस, (द) जबरन ईसाई बनाना।

(3). गाँधीजी द्वारा सविनय अवज्ञा आन्दोलन कब शुरू किया गया ?

(अ) 1920 ई., (ब) 1928 ई.

(स) 1930 ई., (द) 1942 ई

(4). महात्मा गाँधी ने 'करो या मरो' का नारा किस आन्दोलन में दिया ?

(अ) व्यक्तिगत सत्याग्रह, (ब) असहयोग आन्दोलन,

(द) भारत छोड़ो आन्दोलन। (स) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(5). संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष कौन थे ?

(अ) डॉ. भीमराव आम्बेदकर, (ब) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(स) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा, (द) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(6). भारतीय संविधान कब लागू किया गया ?

(अ) 26 जनवरी, 1947 ई. (स) 26 जनवरी, 1949 ई.

(ब) 26 जनवरी, 1948 ई. (द) 26 जनवरी, 1950 ई.

प्रश्न.2 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए [1×7=7]

(1). सुल्तान जहाँ बेगम ........ की शासिका थी

(2). अल बिरूनी, गजनी के सुल्तान ...........के साथ भारत आया था।

(3). कबीर के गुरु का नाम ........... है।

(4). विजय नगर राज्य के संरक्षक देवता......... माने जाते हैं।

(5). राजमहल की पहाड़ियों के आस-पास 4 रहने वाले लोगों को ............ कहा जाता है।

(6). बम्बई दक्कन में भू-राजस्व की ............ व्यवस्था को लागू किया गया था।

(7). गोद निषेध नीति का प्रतिपादक .............. था।

प्रश्न 3. सही जोड़ी मिलाइए- [1×6=6]

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| 1. पंचमहाव्रत | (i) ट्रेवल्स इन द मुगल एम्पायर |
| 2. विनयपिटक | (ii) जैन धर्म |
| 3. भगवद्गीता | (iii) बुद्ध की शिक्षाएँ (नियमावली |
| 4. सिद्धार्थ | (iv) वैष्णव धर्म |
| 5. इब्नबतूता | (v) महावीर स्वामी के पिता |
| 6. बर्नियर | (vi) रिहला |

प्रश्न 4. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए- [1×6=6]

1. हड़प्पा सभ्यता की खोज कब हुई थी ?
2. हड़प्पा सभ्यता का पुरास्थल-कालीबंगा किस नदी के किनारे स्थित था ?
3. चन्द्रगुप्त मौर्य के प्रधानमंत्री का नाम क्या था ?
4. जैन धर्म में कितने तीर्थंकर हुए ?
5. महात्मा बुद्ध के सच्चे ज्ञान प्राप्ति की घटना को क्या कहा गया ?
6. अल बिरुनी का वास्तविक नाम क्या था ?

प्रश्न 5 सत्य असत्य की पहचान कीजिये [1×6=6]

1. अल बिरूनी, यूनानी भाषा का एक महान् विद्वान था।
2. मुगल सम्राट बाबर पितृ पक्ष से चंगेज खाँ का वंशज था।
3. मुगलकाल में पाही काश्तकार किसान, जिस गाँव में रहते थे, उसी गाँव में खेती करते थे।
4. प्रथम गोलमेज सम्मेलन 1930 ई. में पेरिस में आयोजित किया गया था।
5. संविधान सभा की पहली बैठक पं. जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में हुई थी।
6. भारतीय संविधान दिसम्बर 1946 ई. से नवम्बर 1949 ई. के मध्य सूत्रबद्ध किया गया था।

प्रश्न 6. हड़प्पा सभ्यता के उन केन्द्रों के नाम लिखिए जो शिल्प-उत्पादन केन्द्र के रूप में जाने जाते हैं [2]

अथवा

हड़प्पाई लोगों के आहार में प्रयुक्त होने वाली खाद्य वस्तुओं के नाम लिखिए।

प्रश्न 7. इब्नबतूता किस चीज को ज्ञान का अधिक महत्वपूर्ण स्रोत मानता था ? [2]

अथवा

दुआर्ते बारबोसा कौन था ?

प्रश्न 8. करइक्काल अम्मइयार कौन थीं ? [2]

अथवा

'खानकाह' के अर्थ को स्पष्ट कीजिए

प्रश्न 9. 16वीं शताब्दी में विजयनगर की यात्रा करने वाले किन्हीं तीन विदेशी यात्रियों के नाम लिखिए [2]

अथवा

'अमुक्तमल्यद' नामक ग्रन्थ की रचना किसने की थी ? इस ग्रन्थ की विषय-वस्तु क्या थी ?

प्रश्न 10. 'अकबरनामा' नामक ग्रन्थ के रचनाकार कौन हैं यह ग्रन्थ कितने भागों (जिल्दों) में विभक्त है ? [2]

अथवा

'जिन्स-ए-कामिल' के अन्तर्गत आने वाली किन्हीं पाँच फसलों के नाम बताइए

प्रश्न 11. लॉर्ड कार्नवालिस ने बंगाल में भू-राजस्व की किस पद्धति को प्रचलित किया था ? [2]

अथवा

बम्बई दक्कन में अंग्रेजों द्वारा लागू की गई राजस्व प्रणाली का नाम बताइए

प्रश्न 12. 1857 ई. के विद्रोह के चार महत्वपूर्ण केन्द्रों के नाम लिखिए। [2]

अथवा

1857 के विद्रोह का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम क्या हुआ ?

प्रश्न 13. गाँधीजी ने नमक पर कानून कब और कहाँ तोड़ा ? [2]

अथवा

कैबिनेट मिशन के बारे में आप क्या जानते हैं ?

प्रश्न 14. संविधान सभा में 'ऐतिहासिक उद्देश्य प्रस्ताव' कब और किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया [2]

अथवा

संविधान सभा के छह प्रमुख सदस्यों के नाम बताइए।

प्रश्न 15. संविधान की 'उद्देशिका' या 'प्रस्तावना' की कोई चार प्रमुख बातें अपने शब्दों में लिखिए [2]

अथवा

जवाहरलाल नेहरू के 'उद्देश्य प्रस्ताव' को एक ऐतिहासिक प्रस्ताव क्यों कहा जाता है ?

प्रश्न 16. " शास्त्रों के अनुसार केवल क्षत्रिय ही शासक बन सकते थे। " क्या आप इस कथन से सहमत हैं या असहमत हैं ? साक्ष्यों सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। [3]

अथवा

किन मायनों में सामाजिक अनुबन्ध की बौद्ध अवधारणा समाज के उस ब्राह्मणीय दृष्टिकोण से भिन्न थी जो 'पुरुषसूक्त' पर आधारित था ?

प्रश्न 17. स्तूपों की संरचना के विषय में आप क्या जानते हैं ? संक्षेप में लिखिए। [3]

अथवा

साँची के स्तूप के संरक्षण में भोपाल की बेगमों की भूमिका की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 18. 1857 ई. के विद्रोह के राजनीतिक कारणों का वर्णन कीजिए। [3]

अथवा

उन साक्ष्यों के बारे में चर्चा कीजिए, जिनसे पता चलता है कि विद्रोही योजनाबद्ध और समन्वित ढंग से काम कर रहे थे।

प्रश्न 19. 1857 ई. के घटनाक्रम को निर्धारित करने में धार्मिक विश्वासों की किस हद तक भूमिका थी ? [3]

अथवा

बहुत सारे स्थानों पर विद्रोही सिपाहियों ने नेतृत्व संभालने के लिए पुराने शासकों से क्या आग्रह किया ?

प्रश्न 20. अशोक के 'धम्म' की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए [4]

अथवा

प्राचीन भारतीय इतिहास को जानने में सिक्कों का क्या महत्व है ? क्या इनसे वैज्ञानिक प्रगति के बारे में कोई जानकारी मिलती है ?

प्रश्न 21. भक्ति आन्दोलन का सामाजिक जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ? संक्षेप में लिखिए [4]

अथवा

लिंगायत कौन थे ? जाति प्रथा के विशेष सम्बन्ध में सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में उनके योगदान की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 22. भारत में महात्मा गाँधी के सत्याग्रह के प्रथम प्रयोग के विषय में आप क्या 'जानते हैं ? [4]

अथवा

राष्ट्रीय आंदोलन के अध्ययन के लिए अखबार महत्वपूर्ण स्रोत क्यों हैं ?

प्रश्न 23. भारत के मानचित्र पर निम्नांकित को दर्शाइए- [4]

(1) अश्मक, (2) मत्स्य

(3) शूरसेन, (4) काशी

अथवा

भारत के मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन से सम्बन्धित निम्नांकित स्थल कित कीजिए

(1) बम्बई (2) लखनऊ

(3) चौरी-चौरा (4) चंपारन।